घूमो जयपुर अभियान के तहत महापौर ने बच्चों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

गीले सूखे कचरे के पृथक्करण को नीले व हरे डस्टबिन की एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों को समझाया स्वच्छता का महत्व

जयपुर (कासं)। नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर शनिवार को अल सुबह घूमो जयपुर अभियान के तहत अल्बर्ट हॉल पहुंची। उन्होंने वहां उपस्थित आमजन सामाजिक संगठनों एवं अन्य प्रबुद्ध लोगों के साथ हाथ में झाड़ू थाम कर आसपास साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है इसलिए इसमें हर नागरिक की भागीदारी होनी चाहिए उन्होंने आमजन से अपील की स्वच्छता की जिम्मेदारी हर नागरिक की है चाहे वह घर के बाहर हो या अन्य कहीं भी जगह जहां भी जाते हैं वहां 20 कदम अवश्य सफाई करें।

इसके साथ ही उन्होंने वहां मौजूद बच्चों को भी स्वच्छता का पाठ पढ़ाया उन्होंने गीले ,सुखे कचरे के पृथक्करण के बारे में नीले व हरे डस्टबिन के माध्यम से एक्टिविटी करवाई और बच्चों को नीले व हरे रंग के डस्टबिन के माध्यम से गीले व सुखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालने की सीख दी।। महापौर के स्वच्छता के स्वच्छता के पाठ से बच्चों में भी काफी उत्साह दिखा। महापौर ने आमजन को भी नीले व हरे रंग के डस्टबिन वितरित किए गये।

मीडिया से बातचीत करते हुए जयपुर ग्रेटर की मेयर डॉ सौम्या ने बताया कि पेड़ पानी पर्यावरण प्रकृति और पृथ्वी को बचाने के लिए जल जंगल ज़मीन और जलवायु का संरक्षण करना होगा। घूमो जैपुर-ढूँढो विरासत पहल का मूल उद्येश आम लोगों को जोड़कर स्वच्छता और प्रकृति पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना है। इसकी

शुरुआत हमको अपने घर से करनी होगी। ग्रीन जयपुर- क्लीन जयपुर के मिशन को सफल बनाने के लिए हम सबको ज़िम्मेदारी निभानी होगी । मेयर ने कहा कि अपना जयपुर अपनी ज़िम्मेदारी है।

अल्बर्ट हॉल पर हुए इस कार्यक्रम में विकास समितियो, सामाजिक संगठनों एवं अन्य प्रबुद्ध लोगों ने भी भाग लिया जिसमें उन्होंने महापौर को अल्बर्ट हॉल का नाम राम दरबार, राम हाल, पृथ्वीराज कच्छावा आदि के नाम पर अल्बर्ट हॉल का नाम रखना के सुझाव दिए जिस पर महापौर ने उन सुझावों पर विचार कर आगे कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष, पार्षद विकास समितियो, सामाजिक संगठनों, एवं बड़ी संख्या में आम जन भाग लिया।

सार-समाचार

गृह राज्यमंत्री की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

जयपुर (कासं)। राज्यपाल कलराज मिश्र से राजभवन में शनिवार को गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

फागोत्सव आयोजित हुआ

जयपुर (कासं)। राधा गोविंद परिवार महिला मंडल की ओर से गोविंद देवजी के मंदिर प्रांगण में अध्यक्ष सुनीता विजयवर्गीय द्वारा फागोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भक्तों द्वारा कृष्ण राधा के पावन भजनों पर सभी ने फाग का प्रारम्भ किया। राधा के रूप में यशिका मित्तल और कृष्ण के रूप में प्रेम ने सोल डांस एकेडमी की तरफ से अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। रांग गुलाल से साथ सभी ने पूरे हर्षोल्लास के साथ फागोत्सव मनाया।

भौम्या जी महाराज के फागोत्सव

जयपुर (कासं)। नाटाणी परिवार के विकास नाटाणी के अनुसार मनिहारो के रास्ते स्थित 250 वर्ष पुराना भौम्य जी महाराज मंदिर में हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी रंगा रंग फूलों का फागोत्सव दिनांक 17.03.2024 रविवार को सांय 7 बजे से रात्री 11 बजे तक आयोजित किया जाएगा। समाज सेवी गोविंद नाटाणी ने बताया कि इस 250 वर्ष पुराने मंदिर में फूलों से भव्य सजावट की जायेगी, साथ ही गुलाल, फूलों, गुलाल गोटो से होली खेली जायेगी। राजस्थान के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजन गाए जाएंगे । इस अवसर पर सभी भक्तजनों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु जागृत किया जाएगा साथ ही होली पर जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई जायेगी। कार्यक्रम में जयपुर शहर के जन प्रतिनिधि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे और उनके द्वारा भव्य आरती की जायेगी।

घटयात्रा के साथ इन्द्रध्वज महामंडल विधान शुरू

जयपुर (कासं)। अष्टान्हिका पर्व के अवसर पर श्याम नगर वषिष्ठ मार्ग के आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में सर्वांगभूषण आचार्यचैत्य सागर जी महाराज के सानिध्य में इन्द्रध्वज महामंडल विधान का शुभारंभ शनिवार को 251 महिलाओं के निकले घटयात्रा जुलूस के साथ हुआ। इस दौरान आसपास का भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष निहाल चन्द्र पांडया ने बताया कि आज सुबह नित्य नियम पूजा के बाद देवाज्ञा,गुरुआज्ञा के बाद आचार्य निमंत्रण आदि क्रियाएं सम्पन्न हुई। इसके बाद मंदिर से 251 महिलाओं की घटयात्रा शुरू हुई। बैंडबाजे के साथ इस घटयात्रा जुलूस में महिलाएं सिर पर मांगलिक कलष व बैंड वादकों की मधुर स्वर लहरियों पर नाचते-गाते हुए चल रही थी। इस अवसर पर श्रीजी की पालकी भी चल रही थी। जिसके आगे श्रद्धालु आया मंगल दिन मंगल अवसर...धन्य-धन्य आज घड़ी कैसी सुखकार है...जैसे भजनों की स्वर लहरियों पर नाचते-गाते व जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। यह घटयात्रा श्याम नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करती हुई महावीर मंदिर श्याम होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल मंदिर प्रांगण पहुंची,जहां पर ध्वजारोहण समाजश्रेष्ठी माया काला कोलकाता,रजनीष,श्रीमती नेहा,विनीत व श्वेता काला परिवार ने और मंडप उद्घाटन निहाल-अनीता पांडया परिवार ने किया। इसके बाद जाप्यानुष्ठान,अंकुरोपण के बाद जयकारों के बीच भगवान चन्द्रप्रभु का 108 किलो का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। महोत्सव की सारी क्रियाएं विधानाचार्य पं.जिनेष भैया ने सम्पन्न करवाई।

आफरी द्वारा वृक्ष उत्पादक मेला का हुआ आयोजन

जैसलमेर (कासं)। आफरी जोधपुर के तत्वावधान में शनिवार को केवीके जैसलमेर में कृषि उत्पादक मेला का आयोजन जिला प्रमुख प्रताप सिंह सौंलकी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य वन संरक्षक एवं निदेशक आफरी एम.आर.बालोच ने की। इस मौके पर प्रधान तनेसिंह सौढ़ा, पूर्व जिला प्रमुख श्रीमती अंजना मेघवाल, प्रगतिशील कृषक डॉ. रामजी राम, विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे। जिला प्रमुख श्री सौंलकी एवं निदेशक ने मेले का अवलोकन किया एवं किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे अपनी कृषि भूमि पर अधिकाधिक वृक्षारौपण कर उसे उपजाऊ बना कर आय में वृद्वि करें।

उन्होंनें वैज्ञानिकों द्वारा बताए गई उन्नत तकनीकों से अपनी खेती-बाड़ी को उपजाऊ बना कर कृषि के क्षेत्र में आगे आने का आव्हान किया। निदेशक, आफरी बालौच ने बताया कि पेड़-पौधों के समुचित उपयोग से भूमि का ऊर्वरा शक्ति बढती है एवं विभिन्न प्रकार जैविक संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। इसके साथ ही उन्होंने गुणवत्ता वृक्षों की प्रजातियों की जानकारी दी एवं तकनीकी से किस प्रकार से पौधे लगाये जा सकते हैं, इसे अपनाने पर विशेष बल दिया। प्रधान तनेसिंह सौढा ने प्रत्येक किसानों को अपनी भूमि पर प्रतिवर्ष पौधारौपण करने का संकल्प दिलाया। पूर्व जिला प्रमुख अंजना मेघवाल ने जैसलमेर जैसे भौगोलिक परिस्थिति एवं जमीन की अधिक से अधिक मात्रा को देखते हुए पौधे लगाने पर बल दिया।

जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को होगा मतदान

- दोनों लोकसभा सीटों पर 44 लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

जयपुर (कासं)। भारतीय निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। जिसके तहत जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा एवं 04 जून को मतगणना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि 20 मार्च को अधिसूचना जारी होगी। 27 मार्च 2024 तक नाम निर्देशन पत्र जमा कराए जा सकेंगे। 28 मार्च 2024 को नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा होगी वहीं, 30 मार्च 2024 तक नाम निर्देशन पत्र वापस लिये जा सकेंगे।

उन्होंने बताया कि जयपुर लोकसभा क्षेत्र में 1 हजार 842 मतदान केन्द्रों एवं 214 सहायक मतदान केन्द्रों पर 22 लाख 60 हजार 558 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 11 लाख 77 हजार 705 पुरुष, 10 लाख 82 हजार 778 महिला मतदाता के साथ-साथ 75 थर्ड जेंडर मतदाता भी शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में 2 हजार 8 मतदान केन्द्रों एवं 105 सहायक मतदान केन्द्रों पर 21 लाख 73 हजार 554 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 11 लाख 39 हजार 951 पुरुष, 10 लाख 33 हजार 595 महिला मतदाता के साथ-साथ 8 थर्ड जेंडर मतदाता भी शामिल हैं।

आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल संवर्धन कार्य के लिए सभी संभाग एवं जिलों में किए प्रभारी अधिकारी नियुक्त

प्रभारी अधिकारी संबंधित क्षेत्र में सघन निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करेंगे

जयपुर (कासं)। जनस्वाथ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग ने आगामी ग्रीष्म काल में पेयजल संवर्धन कार्य के लिए सभी संभाग और जिलों के लिए प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की है। ये अधिकारी पेयजल संवर्धन कार्य का सघन निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करेगें इसके लिए 31 मार्च 2024 से पहले ये अधिकारी आवंटित क्षेत्र का पहला दौरा करेगें तथा इसके बाद प्रत्येक माह दौरा किया जाना सुनिश्चित करेंगें।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने बताया कि प्रभारी अधिकारी जिला या संभाग से संबंधित प्रकरणों का मुख्यालय पर संबंधित अधिकारियों के ध्यान में लाकर निस्तारित करवाया जाना सुनिश्चित करेंगें । अधिकारियों को दर संविदा की उपलब्धता की सुनिश्चितता, आवश्यक सामग्री की उपलब्धता, समस्याग्रस्त क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर इसके लिए कार्य योजना तैयार करने, चिन्हित कार्यों की स्वीकृति की स्थिति और स्वीकृत कार्यों के क्रियान्वयन की स्थिति कर विशेष मॉनिटरिंग करेगें।

साथ ही पेयजल परिवहन हेतू समस्या ग्रस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों का आकलन कर किया जाना सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए आवश्यक दर संविदा की स्थिति का आकलन करना होगा। अगर इन क्षेत्रों में पेयजल परिवहन शुरू कर दिया गया है तो इसके लिए आवश्यक मॉनिटरिंग मेकैनिज्म की समीक्षा करनी होगी। शासन सचिव ने बताया कि सभी अधिकारी हैंडपंप रिपेयर सहित अन्य संचालन एवं संधारण कार्यों के लिए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता एवं दर संविदा कार्य आदेश की स्थिति का विशेष मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी ग्रीष्म काल में पेयजल वितरण के दौरान किसी भी तरह का व्यवधान नहीं आए इसके लिए कानून व्यवस्था के बिगड़ने की स्थिति से पहले सभी बिंदुओं का आकलन कर सुधारात्मक कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित करें। अधिकारी जिला प्रशासन,विद्युत विभाग , परियोजना विंग एवं नियमित विंग के मध्य आवश्यक समन्वय करेंगें साथ ही जिले के वृत कार्यालय ,खण्ड, उपखण्ड़ तथा प्रगतिरत कार्यो की साइट व समस्या ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण करेगें ।

आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः पालना करवाने के दिए निर्देश

जैसलमेर (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव- 2024 की घोषणा कर दी गई है इसके साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागु हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) प्रताप सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे जिले में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करावें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपखंड अधिकारियों, विकास अधिकारियों एव नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके क्षेत्र में लगे हुए राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों सहित जो हॉर्डिंग,बैनर सहित प्रचार सामग्री लगी है उन्हें तत्काल हटाने की कार्यवाही करें। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के विकास अधिकारियों व शहरी क्षेत्र के लिए नगरीय निकाय के अधिकारियों कों यह कार्यवाही गंभीरता के साथ तत्काल करवाने के निर्देश दिए।

श्याम फाग उत्सव का आयोजन

जयपुर (कासं)। पंडित दीनदयाल अंतोदय-योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत शहरी आजीविका केंद्र संस्थान नगर निगम ग्रेटर जयपुर के द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा विशाल श्याम फाग उत्सव एवं स्वावलंबी कार्ड वितरण दिनांक 16 मार्च 2024 को सामुदायिक भवन महेश नगर में आयोजित किया गया। सचिव संजीव वर्मा जी ने बताया की कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एल एल पहाड़िया परियोजना निदेशक महोदय सवायता शासन विभाग राजस्थान जयपुर रहे एवं पहाड़िया ने अपने कर कमलों से सभी महिलाओं को स्वावलंबी कार्ड वितरण किये।

भूमिका फाऊंडेशन की अध्यक्षा श्रीमती रजनी मोरवाल ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भजन गाये, नृत्य किया एवं फूलों की होली खेली। वाणी स्वयं सहायता समूह की अध्यक्षा श्रीमती संतोष जैन ने बताया कि फागोत्सव में 50 समूहों से लगभग 400 महिलाओं ने बढ-चढ़कर भाग लिया एवं मंच संचालन परमधाम स्वयं सहायता समूह की अध्यक्षा मेनका शर्मा जी ने किया।

मोटागांव में हुई सीएलजी की बैठक

बांसवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। आगामी त्यौहार एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मोटागांव पुलिस थाना परिसर में सीएलजी सदस्यों की बैठक पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार एवं थानाधिकारी गंगाराम के सानिध्य में हुई। बैठक में 24 व 25 मार्च को मनाये जाने वाले होली पर्व पर चर्चा करते हुए मुख्य मार्गों पर ग्रामीण बच्चों व युवा वर्ग द्वारा पत्थर रखकर रास्ता अवरुद्ध करने की परंपरा के नाम पर चंदा वसूली एवं जन सामान्य को होने वाली परेशानियों को रोकने के लिये निर्देश दिये गये।

Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd. JAIPUR

NIT/2023-24/31168-81 निविदा सूचना/2023-24 Date: 16.03.2024

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का विवरण	कुल अनुमानित लागत (रु.)	निविदा सूचना संख्या
Extension of Chancellor's Suit & office cum Waiting area at MSBU Campus, Bharatpur. UBN: RRC2324WSOB01581	186.41 Lakh	ई-781/ 23-24
Construction of Box Culvert at Bus Stand Drain Jaisamand and Road Side Drain at Palodara Village Udaipur-Salumber Road. UBN: RRC2324WSOB01582	55.88 Lakh	
Repair of 33 KV panel at Rajasthan High Court Building, Jodhpur. UBN: RRC2324WSOB01590	13.60 Lakh	ई-787/ 23-24
Additional HVAC work at District Hospital Mandore, Jodhpur. UBN: RRC2324WSOB01591	29.70 Lakh	
SITC of Air conditioning work in Court Complex, Shahpura, Jaipur. UBN: RRC2324WSOB01576	14.78 Lakh	

निविदा प्रपत्र, शुल्क, धरोहर राशि, निविदा बेचने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://roads.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.nic.in पर उपलब्ध है। ई-निविदा हेतू संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

रेप पीड़िता नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस कार्यशैली पर उठे सवाल

पांच जनों पर खुदकुशी के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज

गंगापुर (प्रातःकाल संवाददाता)। कस्बे में रेप पीड़िता नाबालिग ने गुरुवार शाम घर में ही फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली इस घटना को लेकर पीड़िता के परिजनों ने पांच लोगों के विरुद्ध नाबालिग को अगवाकर उसका शारीरिक शोषण कर खुदकुशी करने के लिए मजबूर करने का मामला थाने में दर्ज कराया है।

पुलिस के अनुसार 2 दिन पहले ही नाबालिग से रेप व अपहरण के सहयोगी दो लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय के आदेश से जेल भिजवा दिया था। गंगापुर पुलिस ने बताया कि फरवरी माह में एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला दर्ज हुआ था इसके एक सप्ताह के भीतर पुलिस नाबालिग को दस्तयाब कर ले आई थी इसके बाद पुलिस ने इस मामले में पोक्सो एक्ट व गैंगरेप की धारा जोड़ दी थी इस मामले में पुलिस ने रेप के आरोपित नारायण शर्मा व सहयोगी मोहन माली को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश से जेल भिजवा दिया था इस बीच रेप पीड़िता नाबालिग ने गुरुवार शाम अपने घर में साड़ी का फंदा गले में डाला और कड़े से लटक गई। इसके चलते उसकी मौत हो गई! पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया वहीं पीड़िता के पिता की रिपोर्ट में नारायण शर्मा, मोहन माली,सत्तू खारोल, जमनालाल खारोल व बुद्ध रतन जीनगर को आरोपित बनाया। परिवादी ने रिपोर्ट में बताया कि इन आरोपितों सहित अन्य ने षडयंत्र रचकर नाबालिग बेटी को अपहरण कर भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, ओकारेश्वर और पुणे ले जाकर यौन शोषण कर प्रताड़ित किया इस घटना को लेकर नाबालिग पीड़िता सदमे में थी उसने परेशान होकर 14 मार्च शाम 6.30 बजे साड़ी का फंदा गले में डालकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने इस रिपोर्ट पर आरोपितों के खिलाफ खुदकुशी के लिए मजबूर करने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है।

ICICI Home Finance | कॉरपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी- कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

शाखा कार्यालय : प्रथम तल, जी.के. टावर, प्लॉट नं.14, सार्दुल कॉलोनी, अम्बेडकर सर्कल, बीकानेर-334001

(नियम 8(6) के प्रावधान देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।

इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्ज़ा अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को यहां दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा;

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार कानूनी उत्तराधिकारी का नाम कर्ज खाता क्रमांक	प्रतिभूत मालमत्ता के साथ ज्ञात भार, कुछ हो तो तफ़सील	बकाया राशि	राशीव मूल्य रु. में / बयाना राशि जमा रु. में	मालमत्ता परीक्षण की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	राकेश कुमार भार्गव (उधारकर्ता) विमला देवी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHBKR00001314156 और LHBKR00001314155	भूखंड का पूर्वी भाग (पट्टा संख्या 3162), वार्ड संख्या 7, खसरा संख्या 335/10, नोखा मंडी, नोखा जिला बीकानेर	रु. 27,33,634/- 13 मार्च 2024	रु. 13,91,406/- / रु. 1,39,150/-	15 अप्रैल 2024 बिच के 11 बजे 03:00 अपराह्न	23 अप्रैल 2024 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न

ऑनलाइन निलामी हमारी निलामी एजन्सी **ग्लोब टेक (यूआरएल लिंक https://BestAuctionDeal.com)** के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। गिरवी रखने वाले/सूचना कुल बकाया राशि का 22 अप्रैल 2024 को शाम 05.00 तक आगे के ब्याज के साथ प्रदान करने के लिए सूचना दी जाएगी अन्यथा, सदर प्रतिभूत मालमत्ता की अनुसूची अनुसार बिक्री की जाएगी।

प्रस्तावित बोलीदार सदर बयाना राशि जमा के साथ (रकाना क्र. ई) में संदर्भित) मुहरबंद लिफाफा में सुपरस्क्राईब्ड मालमत्ता के खरीद के लिए प्रस्ताव उनके प्रस्ताव **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, पहली मंजिल, जी.के टावर, प्लॉट नंबर 14, सार्दुल कॉलोनी, अंबेडकर सर्कल, बीकानेर- 334001** तहत दि. 22 अप्रैल 2024 को 4.00 बजे तक भेजे एवं पेश करें। कृपया प्रस्तावित बोलीदार ऊपरी निर्देशित समय के अनुसार उनके प्रस्ताव निविदा दस्तावेज के हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, पहली मंजिल, जी.के टावर, प्लॉट नंबर 14, सार्दुल कॉलोनी, अंबेडकर सर्कल, बीकानेर- 334001** तहत दि. 22 अप्रैल 2024 को शाम 5.00 बजे के पहले पेश करें। बयाना रकम जमा ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत/शेड्युल्ड बैंक से योग्य निलामी आयोजन **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लि.** - निलामी के नाम से **बीकानेर** तहत पेश करें।

जांच के संबंध में अधिक जानकारी के लिए, निलामी के नियम एवं शर्तें एवं निविदा को पेश करने के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड** के मो. क. 9920807300 पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** पर सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास कोई भी कारण न देकर सर्व बोली रद्द करने का अधिकार आरक्षित हैं।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के वेबसाइट **https://www.icicihfc.com/** से सम्पर्क करें।

दिनांक : 17 मार्च, 2024 — प्राधिकृत अधिकारी

स्थान : बीकानेर — आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड